प्रेस विज्ञप्ति

मोबीपिक्स

लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आज दिनांक 13 अप्रैल 2017 को "मोबीपिक्स" 2017 मोबाइल फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री आत्म प्रकाश मिश्र, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिशासी, दूरदर्शन लखनऊ तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सौरभ श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार , रहे । अतिथियों का स्वागत करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ मुकुल श्रीवास्तव ने वर्तमान समय में तकनीक के बहुआयामी प्रयोगो में से एक "मोबीपिक्स" यानी मोबाइल फोटोग्राफी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 2015 में शुरू हुआ यह कारवां इस वर्ष अपने तीसरे वर्ष में प्रवेश करके सफलता के एक नए आयाम को स्थापित कर रहा है मोबाईल महज फोन न होकर हमारी कलात्मक अभिव्यक्ति का एक साधन भी बन गया है ऐसी कलात्मक प्रदर्शनी करने में लखनऊ विश्वविद्यालय का यह विभाग अगुवा है । प्रदर्शनी में विभाग के छात्रों द्वारा अपने मोबाइल कैमरे से उतारी गई लखनऊ के ऐतिहासिक धरोहरों एवं जीवन की विभिन्न परिस्थितियों की तस्वीरों को प्रदर्शित किया गया। तस्वीरों की गुणवत्ता को अतिथियों ने सराहा और छात्रों को बताया कि अभिव्यक्ति के मायने सूचना समाज के इस दौर में बदल रहे हैं । मुख्य अतिथि श्री आत्मा प्रकाश मिश्र जी ने फोटोग्राफी तकनीक पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि फोटोग्राफी के लिए सिर्फ कैमरा आवश्यक नहीं है,उससे भी आवश्यक है चीजों को देखने का नजरिया। यदि आपका नजरिया रचनात्मक और दूसरों से जुदा है तो आप एक बेजान चीज में भी अपनी फोटोग्राफी के जरिए जान डाल सकते हैं। 'एक फोटो सौ शब्दों को बयां करती है', यह कहावत यूं ही नहीं कही गयी। एक फोटोग्राफर को अपनी फोटो से शब्दों को रचने की कला आनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि श्री सौरभ श्रीवास्तव ने फोटोग्राफी पर चली चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि इन तस्वीरों को देखकर एक बात कही जा सकती है कि वर्तमान समय में फोटोग्राफी डीएसएलआर कैमरों की मोहताज नहीं रही। मोबाइल फोन ने आज हर व्यक्ति को अपना हुनर आजमाने का मौका दे दिया है, जरूरत है तो सिर्फ बेहतर प्रशिक्षण की और इन तस्वीरों को देखकर मैं यह कह सकता हूं कि इस संस्थान के छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन विभाग की सहायक प्रोफेसर श्रीमती सुरभि यादव द्वारा किया गया। अंत में विभाग के सहायक प्रोफेसर पिंटू जोअर्दर द्वारा सभी मुख्य अतिथियों, विभिन्न महाविद्यालयों से आये छात्र-छात्राओं उनके अभिभावकों और विभाग के सभी कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापन किया ।